# भारत सरकार

# शिक्षा मंत्रालय

# स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

## अध्यक्ष, एनसीटीई के पद के लिए रिक्ति

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय हैं, जिसे पूरे देश में अध्यापक शिक्षा के नियोजित और समन्वित विकास को प्राप्त करने का अधिदेश मिला है। अध्यक्ष, एनसीटीई के पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर भरने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवदेन आमंत्रित किए जाते हैं। अध्यक्ष, एनसीटीई का पद रु. 75,500/– 80,000/– (छठे वेतन आयोग के अनुसार पूर्व–संशोधित वेतनमान) {स्तर – 16 (205400–224400) के रूप में संशोधित} के वेतनमान में है, जो @3 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि सहित है और अधिकतम चार वर्ष की अवधि या साठ वर्ष की आयु, जो पहले हो, तक होगी। अन्य नियम और शर्तें इस प्रकार हैं :–

**वेतन और भत्ते** – अध्यक्ष को 75,500/– 80,000/– के वेतनमान में वेतन प्राप्त होगा (छठे वेतन आयोग के अनुसार पूर्व–संशोधित वेतनमान) {7वें वेतन आयोग के अनुसार स्तर–16 (205400–224400) के रूप में संशोधित) 3 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि की दर के साथ होगा।

**आयु सीमा** – नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**नियुक्ति की विधि और अवधि** – यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति द्वारा (अल्पकालिक अनुबंध सहित) कार्यकाल के आधार पर अधिकतम चार वर्ष की अवधि के लिए या साठ वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, की जाएगी।

**शैक्षिक और अन्य योग्यताएं** – राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम 1993 की धारा 3 की उप–धारा (4) के खंड (क) के तहत अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति होने के लिए कोई भी व्यक्ति पात्र नहीं होगा, जब तक कि–

वह केन्द्र सरकार या राज्य सरकारों या स्वायत्त संगठन या विश्वविद्यालय के अधिकारी हैं जो–

1. मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप या समकक्ष पद; या
2. मूल संवर्ग या विभाग में पांच साल की नियमित सेवा के सहित 37,400–67,000/– रुपये + 10,000/– के वेतनमान (पूर्व–संशोधन) के ग्रेड वेतन में रहे हों।
3. निम्नलिखित योग्यता रखने वाले अर्थात् :–

**(क) आवश्यक**

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की डिग्री; तथा

(ख) राज्य या केंद्रीय विश्वविद्यालय या राज्य या केंद्र सरकार के शैक्षणिक संस्थान में प्रोफसर या समकक्ष के रूप में काम करने का अनुभव।

**(ख) वांछनीय**

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा में डॉक्टरेट की डिग्री;

(ख) प्रथम श्रेणी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री;

(ग) प्रभावशाली अकादमिक साख;

(घ) अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव;

(ड़) पत्रिकाओं में प्रकाशन, विशेष रूप से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की शिक्षा सम्बन्धी पत्रिकाओं में;

(च) प्रशासनिक, संगठनात्मक और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन।

संलग्न प्रारूप में आवेदन पत्र उचित माध्यम से रोजगार समाचार में विज्ञापन की तारीख से एक महीने के भीतर उप सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, कमरा संख्या 327, सी–विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 तक पहुंच जाना चाहिए।

**उप सचिव, भारत सरकार**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

अध्यक्ष वेतन के अलावा, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता और उनके वेतन के लिए उपयुक्त ऐसे अन्य भत्तों के हकदार होंगे जो समकक्ष ग्रेड के केंद्र सरकार के अधिकारियों के लिए स्वीकार्य हैं। भारत सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित सीमा के भीतर मकान किराया भत्ते की एवज में अध्यक्ष को किरायामुक्त असज्जित आवास आबंटित किया जा सकता है।

**अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के पद हेतु आवेदन पत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. | जन्म तिथि | |
| 3. | पत्राचार का पता | |
| 4. | सम्पर्क विवरण— फोन, मोबाइल, ई—मेल | |
| 5. | वेतनमान और ग्रेड वेतन सहित वर्तमान में धारित पद | |
| 6. | नियुक्ति की प्रकृति (स्थाई/अस्थाई/संविदागत/प्रतिनियुक्ति पर) | |
| 7. | यदि प्रतिनियुक्ति पर, तो जिस दिन से आवेदक प्रतिनियुक्ति पर है, उसकी तिथि, मूल संगठन का नाम, और पता तथा नियंत्रक अधिकारी/प्राधिकारी का सम्पर्क विवरण | |

8. शैक्षिक योग्यताएं (स्नातक से प्रारंभ)

| क्र.सं. | उपाधि/ डिप्लोमा/ डाक्टरेट | महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय/ बोर्ड | उत्तीर्ण करने का वर्ष | लिये गये मुख्य विषय | प्राप्तांक | प्राप्तांक की प्रतिशतता | विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

9. अवरोही क्रम में रोजगार का विवरणः

| धारित पद/ स्थिति | संगठन/ संस्था का नाम | अवधिः ......... से............. तक | ड्यूटियों/जिम्मेदारियों की संक्षिप्त प्रकृति | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अध्यापन | अनुसंधान | प्रशासन |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख अनुसंधान एवं प्रकाशन कार्यों का विवरण | |
| 11. | प्राप्त पुरस्कार, सम्मान आदि का विवरण | |
| 12. | कोई अन्य सूचना, जिसे आवेदक अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में प्रस्तुत करना चाहते हों। | |

## घोषणा

मैं सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं। मैं यह भी समझता हूं कि यदि उपरोक्त में से कोई भी जानकारी बाद में किसी भी समय असत्य या गलत पायी जाती है तो मुझे इस पद पर विचार करने से वंचित कर दिया जाएगा।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

# संस्था प्रमुख द्वारा अग्रेषण

मैं एतद्द्वारा.................................................पद पर कार्यरत श्री/डा. ............................................का उक्त आवेदन अग्रेषित करता हूं। यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना हमारे कार्यालय में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान में इस कार्यालय में उनके विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक/जांच का कोई मामला विचाराधीन, लम्बित अथवा अवलोकनाधीन नहीं है। उनके चयन हो जाने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जाएगा।

(संगठन के प्रमुख के हस्ताक्षर)

स्पष्ट अक्षरों में नाम...................

स्थानः

दिनांकः

कार्यालय मोहर